तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 3 जुलाई 2024

13 तीन माह में जर्जर हुआ करोड़ों से बना शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल भवन



14 बारिश से नगर में कई स्थानों पर भरा पानी





स्थापना वर्ष 2014
VIPS
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें ...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION *CAREER GUIDANCE *ADMISSION
* COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य हैं।
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
मोबा. 9340751120, 9131330801, 7869622725
पता: राछाभाठा (नवागढ़) जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)
कोबिया सृजन ITI के पीछे, बेमेतरा (छ.ग.)
COURSES
योग्यता - 12 वीं (जीव विज्ञान)
BACHELOR IN MED.LAB. TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB. TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Year

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा, इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

## डायरिया

# तुरमा में फैला डायरिया 82 मरीजों का इलाज जारी

### पंचायत सचिव पर गिरी गाज, पटवारी और पीएचई के सब इंजीनियर से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

गत दो दिनों से जिला के ग्राम तुरमा में डायरिया फैलने तथा 82 लोगों के डायरिया प्रभावित होने की खबर से प्रशासन में खलबली मची है। स्वास्थ्य अधिकारियों की टीम तुरंत तुरमा में शिविर लगाकर पीड़ित मरीजों का उपचार शुरु कर दी। वहीं लगातार मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासनिक अमला के साथ कलेक्टर दीपक सोनी स्वयं तुरमा पहुंचकर डायरिया पीड़ित मरीजों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर जायजा लिया। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 1 जुलाई को 76 मरीज एवं 2 जुलाई 41 मरीजों का चिन्हांकन किया गया, जिसमें से वर्तमान में 82 एक्टिव मरीज है। उक्त मरीजों में 17 को जिला अस्पताल एवं 16 को सामुदायिक केन्द्र लवन में भर्ती किया गया है। जबकि अन्य मरीज गांव के हाट बाजार क्लीनिक भवन में स्वास्थ्य शिविर में इलाज कराने आ रहे हैं। ग्रामीणों का प्राथमिक इलाज करने के बाद उन्हें वापस घर भेज दिया गया है।

गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले पलारी विकासखंड के एक ग्राम में भी डायरिया फैलने से कई लोग चपेट में आ गये थे। तुरमा में डायरिया फैलने की खबर सुनकर मंगलवार को वहां पहुंचे कलेक्टर ने सबसे पहले हाट बाजार क्लीनिक में संचालित स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे। भर्ती मरीजों और स्वास्थ्य कर्मचारियों से बातचीत कर उचित दिशा–निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ को स्वास्थ्य व्यवस्था के संबंध में जागरुकता के लिए काम करने को कहा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों को डोर टू डोर जाकर जानकारी लेने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर स्वयं गांव के पानी टंकी पर चढ़कर सफाई का जायजा लिया। कलेक्टर सोनी ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को पानी की गुणवत्ता की जांच रिपोर्ट जल्द देने एवं स्वच्छ पानी आमजनों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने गांव में डायरिया के एकाएक अधिक संख्या में मरीज मिलने के कारण को जांच कराने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए है। श्री सोनी ने पीएचई विभाग अधिकारियों को पूरे गांव में ब्लीचिंग पावडर के छिड़काव सहित सभी पेयजल स्त्रेंतों के जांच करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर एसडीएम अमित गुप्ता, सीएचएमओ डॉ. एमपी महिश्वर,जनपद सीईओ एमएल मंडावी सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद थी।




#### मामले में लापरवाही बरतने पर पंचायत सचिव निलंबित

ग्राम तुरमा में सोमवार से डायरिया पीड़ित मरीजों के मिलने के बावजूद गांव में अनुपस्थित रहने, बीमारी की जानकारी आला अधिकारियों को नहीं देने तथा गांव में नालियों आदि की साफ सफाई की ओर ध्यान नहीं देने वाले ग्राम पंचायत तुरमा के प्रभारी सचिव राजपाल कोसले को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

#### पटवारी एवं पीएचई के सब इंजीनियर को नोटिस

इस पूरे मामले में कलेक्टर ने गंभीर नाराजगी जताते हुए ग्राम पटवारी तुलसीराम बर्मन, पीएचई सब इंजीनियर केआर पैकरा को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही विकासखंड चिकित्सा अधिकारी के प्रति भी नाराजगी जताते हुए उनके छुट्टी को निरस्त करने का निर्देश संबधित अधिकारी को दिया है।

# हिंदू संगठनों ने किया राहुल गांधी के बयान का विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

राहुल गांधी द्वारा विपक्ष दल के नेता के भाषण के तौर पर दिये कथन में भाटापारा नगर में सनातनी धर्म सेना के कार्यकर्ताओं का आक्रोश दिखा, जिसमें रवि वर्मा, धरम शर्मा, अमितेष शुक्ल, साकेत उपाध्याय, रोशन बंजारे, बादल पटेल, कान्हा मिश्रा, योगेश साहू व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। जानकारी अनुसार राहुल गांधी के अभिभाषण में बोले गये कथन में काफी सत्ता पक्ष व विपक्ष में बवाल देखा गया। अब यह आक्रोश संसद के बाहर विभिन्न हिन्दू संगठनों में भी देखा जा रहा है और अलग-अलग स्थानों पर पुतला दहन कर विरोध जताया जा रहा है।

#### हिंदू समाज को राजनीतिक मुद्दा न बनाया जाए

अभिषेक मिश्रा सनातनी धर्म सेना के कार्यकर्ता ने कहा कि राजनीतिक स्वार्थ का विषय नहीं है हिन्दू समाज बार-बार राजनीतिक पार्टियों द्वारा अपने कथनों में सनातन संस्कृति को अपमानित करना, अनुचित बयान बाजी करना, इन नेताओं के वोट बैंक की राजनीति हो गई है। हिन्दू समाज राहुल गांधी द्वारा किए गए कथन की घोर निन्दा करता है।

### सांसद राहुल के बयान पर बजरंगदल का आंदोलन कल



बलौदाबाजार। सांसद राहुल गांधी द्वारा लोकसभा भवन में हिंदुओं को हिंसक, नफरती और झूठा कह कर संबोधित किया जा रहा है हिंदुओं को हर बार राहुल गांधी और उसके सहयोगियों द्वारा अपमानित करने का विभिन्न मंचों सभाओं और सदन में किया जाता रहा है। इसके विरोध में राहुल गांधी की सांसद सदस्यता रद्द करने कठोरतम कार्रवाई करने की मांग को लेकर सर्व हिन्दू समाज, विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल जिला बलौदाबाजार भाटापारा के समस्त कार्यकर्ता एवं सनातनी ▶▶ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक 5 को

**बलौदाबाजार**। पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा बलौदाबाजार के समस्त पदाधिकारियों एवं साथियों की 5 जुलाई को षष्ठी मंदिर के पास स्थित पेंशनर भवन में बैठक रखी गई है। संघ ने साथियों से अपील है कि है उपरोक्त तिथि में 2 बजे बैठक में अनिवार्य रुप से उपस्थित होने की अपील की है। बैठक में नये सदस्यों का स्वागत अभिन्दन के साथ समस्याओं का निवारण किया जावेगा एवं अन्य समस्याओं पर चर्चा की जावेगी।

### खाना बनाने की बात को लेकर पत्नी और बेटी से मारपीट, अपराध दर्ज

**महासमुंद**। जिले में नए कानून "भारतीय न्याय संहिता 2023" के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। यह एफआईआर पटेवा थाने में दर्ज की गई है। केसरी कोसरिया ने पुलिस को बताया कि सुबह उसकी बेटी गीतांजलि, बेटा सागर व पति धनसिंग सभी घर में थे, तभी करीब 9 बजे उसके पति द्वारा अभी तक खाना सब्जी नहीं बनाई हो कहकर उसे गाली गलौज कर हाथ मुक्का व डंडा से मारपीट करने लगा। मारपीट करते देख केसरी की बेटी गीतांजलि कोसरिया बीच बचाव करने आई तो उसके साथ भी गाली गलौज कर हाथ मुक्का व डंडा से मारपीट किया। केसरी ने बताया कि मारपीट से उसे दाहिने हाथ के कलाई एवं उंगली में तथा उसकी बेटी गीतांजलि कोसरिया के सिर एवं माथे में चोट आई है। मामले की शिकायत पर नए आपराधिक कानून के अनुसार पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 115(2) बीएनएस, 296 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### एक्सीडेंट में एक घायल

**महासमुंद**। शहर में जनपद पंचायत कार्यालय के सामने एक कार की ठोकर से युवक घायल हो गया। मामले में सिटी कोतवाली थाने में आरोपी कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को दिनेश यादव पिता भुनेश्वर यादव ने बताया कि मेरे पिता भुनेश्वर यादव जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में भृत्य के पद पर कार्यरत है। वे 12 जून को लगभग 11 बजे घरेलू सामान बाजार से लेकर अपनी स्कूटी क्र सीजी 06 जीसी 9036 से घर जा रहे थे, तभी एनएच 353 सड़क जनपद पंचायत के सामने महासमुंद के पास महासमुंद से बागबाहरा की ओर जा रही कार क्र सीजी 04 पीपी 4676 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए स्कूटी को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे पिता स्कूटी सहित रोड पर गिर गए। एक्सीडेंट से मेरे पिता भुनेश्वर यादव के सिर में चोटें आई। जिन्हें जिला अस्पताल महासमुंद ले जा गया और प्रारंभिक उपचार बाद रायपुर रेफर करने कर दिया गया।

# राजस्व शिविर में पहले ही दिन मिले 1300 से अधिक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ मौके पर 1268 आवेदनों का निराकरण

राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में पहले दिन कुल 1313 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 1268 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। साथ ही बचे हुए 35 आवेदनों को समय–सीमा में दर्ज किया गया। प्राप्त आवेदनों में तहसील बलौदाबाजार के 89, लवन 521, पलारी 110, भाटापारा 45, सिमगा 59, सुहेला 216, कसडोल 39, टुण्डरा एवं सोनाखान 117–117 आवेदन शामिल हैं। जिसमें से तहसील बलौदाबाजार के 87, लवन–508, पलारी–107, भाटापारा–38, सिमगा–59, सुहेला–214, कसडोल–35, टुण्डरा 104 एवं सोनाखान–116 आवेदनों का निराकरण किया गया है। जिसमें फौती नामांतरण–2, बटवारा– ▶▶ शेष पेज 13 पर




#### यहां भी लगा शिविर

2 जुलाई को ग्राम पंचायत झोंका, परसाडीह, दतान–प, कड़ार, करहुल, जरौद बड़े, पिपरछेड़ी, नरधा,नवागांव में विशेष शिविर का आयोजन किया गया।


### रथ यात्रा को लेकर हुई उत्कल गांड़ा समाज की अंतिम बैठक

**महासमुंद**। प्रभु जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर उत्कल गांडा समाज के युवाओं की शंकराचार्य भवन में अंतिम बैठक हुई। बैठक में सभी वार्डों से उत्कल समाज प्रमुख शामिल हुए। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने स्वयं से आर्थिक सहयोग दिया गया, सभी कार्यक्रम को सफल बनाने बहुत उत्साहित दिखे। कार्यक्रम में सभी वार्डों में निवासरत उत्कल समाज के लोगों को पूरे परिवार सहित शामिल होने का निवेदन किया गया। एकत्रीकरण स्थल मंडी रोड स्थित श्रीराम पाठशाला के समीप दोपहर 1 बजे एक साथ बाजे-गाजे के साथ हाथ में ध्वज लेकर जगन्नाथ के जयकारे के साथ नेहरू चौक पहुंच कर जगन्नाथ रथयात्रा का स्वागत किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से बबलू हरपाल, महेंद्र सिक्का, सोनाधर सोनवानी, दीपक नायक, दशरथ महानंद, सूरज नायक, संतु महानंद, सुनील नायक, विष्णु सिक्का, परखित हरपाल, जगन्नाथ छुरा सहित बड़ी संख्या में उत्कल समाज के युवा उपस्थित थे।

# संयंत्र के मेन गेट पर फंसा भारी वाहन, घंटों बाधित रहा यातायात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र के ग्रामीण विकास के बगल में बना गेट नंबर एक के पास दुर्गा केरियर की गाड़ियां अचानक टर्न लेते मेन रोड सड़क पर ही फंस गई, इसके चलते इस रोड पर गाड़ियां घंटों जाम रही। हालांकि गाड़ी के ड्राइवर द्वारा गाड़ी निकालने का बार-बार प्रयास किया जा रहा था, किंतु गाड़ी आगे बढ़ने का नाम ही नहीं ले रहा था। जब तक ड्राइवर गाड़ी को संभालते हैं आगे पीछे गाडियों की लाइन लग चुकी थी, इस स्थिति में वहां दुर्घटना होने की संभावना थी। इसके बावजूद वहां पर न ही किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था किया की गई। हालांकि सक्यिोरिटी गार्ड वहां उपस्थित थे, लेकिन रोड संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारियां नहीं दी जा रहा थी। हालांकि दुर्घटना नहीं हुई लेकिन इस तरह की घटनाएं होने पर संयंत्र को सुरक्षा की प्रमुख रूप से व्यवस्था किया जाना चाहिए। इस बात को लेकर संयंत्र के कुछ ही संबंधित अधिकारियों से संपर्क किए जाने पर हमारे अंदर नहीं आने की जानकारी दी गई।





## यातायात पुलिस ने 110 वाहन चालकों से 46 हजार का जुर्माना वसूला

# सड़क पर खड़ी बसों के खिलाफ हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस हुई सख्त

जिला बलौदाबाजार–भाटापारा पुलिस द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्रवाई की जा रही हैं। इसी क्रम में 1 जुलाई को यातायात पुलिस द्वारा जिले में कहीं भी यहां–वहां अनावश्यक रूप से यात्री बस खड़ा करने वाले बस चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान मौके पर वाहनों के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने, दोपहिया वाहन में तीन सवारी वाहन चलने वाले वाहन चालकों, बिना हेलमेट धारण कर, नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने वाले, जांच के दौरान पुलिस अधिकारियों के आदेश की अवहेलना करने तथा बिना नंबर के वाहन चलाने वाले सहित यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 110 वाहन चालकों से 46,700 रु समन शुल्क वसूल किया गया हैं।

कार्रवाई के दौरान मुख्य रूप से मौके पर वाहनों के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर 20 वाहन चालकों से 6000 रु समन शुल्क वसूल किया गया। दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 12 वाहन चालकों से कुल 3600 रु समन शुल्क वसूल किया गया हैं। बिना हेलमेट धारण किए 10 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 5000 रु समन शुल्क, नो पार्किंग जगह पर अपने वाहन खड़ी करने वाले 29 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 8700 रु समन शुल्क तथा जांच के दौरान पुलिस अधिकारियों की आदेश की अवहेलना करने वाले 11 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 5500 समन वसूल किया गया है। इस प्रकार यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले अन्य 28 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 17,900 रु समन शुल्क वसूल किया गया है।

जिला बलौदाबाजार–भाटापारा पुलिस द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमों के पालन हेतु सख्ती से लगातार कार्रवाई जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आम नागरिक यातायात के नियमो का पालन करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।




### हाई टेंशन तार की चपेट में आने से मौत

**महासमुंद**। ग्राम बिरकोनी में बिजली करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 1 जुलाई को ग्राम बिरकोनी में राजवैली (42 साल) निवासी आरंग ( रायपुर) हाई टेंशन तार के संपर्क में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### स्कूल के पास सड़क हादसे में मौत

**महासमुंद**। बागबाहरा के देवाशीष स्कूल के पास सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 30 जून को देवाशीष स्कूल के पास हंस कुमार मिरधा पिता बालूराम मिरधा 46 साल निवासी ग्राम सिर्री की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप

### शिवसेना ने जलाया गो-तस्करों का पुतला

**रायपुर।** लगातार बढ़ रही गो-तस्करी के विरोध में सोमवार को शिवसेना (शिंदे गुट) रायपुर जिला इकाई द्वारा रायपुरा चौक में गौ-तस्करों का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर कामगार सेना जिलाध्यक्ष संजू साहू ने बताया कि प्रदेश में लगातार गौ-तस्करी बढ़ रही है और ये गौ-तस्कर सोशल मीडिया पर भी सक्रिय हैं। प्रदेश में सक्रिय गो-तस्करों का पुतला जलाकर उन्हें समझाइश दी गई कि तस्करी छोड़ दो। इस दौरान गौ तस्कर मुर्दाबाद के नारे लगाकर पुतला जलाया गया। पुतला दहन में मुख्य रूप से संजय सोनकर, किशन साहू, गिरिराज देवांगन, अमर नायक, महावीर यादव, नरेंद्र प्रजापति, लीलाधर यदु, सदा साहू, मोनू निर्मलकर, मुकुंदा यादव, खिलेश्वर देवांगन, रितेश साहू एवं अधिक संख्या मे शिवसैनिक उपस्थित थे।

### महापौर की तबीयत बिगड़ी डाक्टरों ने कहा- निगरानी में

**रायपुर।** महापौर एजाज ढेबर की तबीयत सोमवार को अचानक खराब हो गई। उन्हें इलाज के लिए सिविल लाइंस स्थित फरिश्ता नर्सिंग होम में दाखिल किया गया है। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. ए फरिश्ता ने बताया कि उनकी हालत ठीक है, केवल सावधानी बरतते हुए उन्हें चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है। ढेबर सोमवार की रात लोगों से मिल रहे थे, इसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ी। असहज महसूस होने पर उन्हे उपचार के लिए तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। सावधानी बरतते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद उन्हें आईसीयू में दाखिल किया है। आशंका जताई जा रही है कि उनका ब्लड प्रेशर हाई हो गया था।

### जमीनों के खसरों के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंधित और मुक्त करने का खेल

**रायपुर।** पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, भाजपा की सरकार बनते ही रायपुर में आदेश पारित किया जाता है कि अवैध प्लाटिंग पर लगातार कार्रवाई की जायेगी। वहीं रसूखदार एवं भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों के प्लाटिंग पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही है और यदि कहीं-कहीं पर की गई है, तो उसे पुनः प्रतिबंधित सूची से हटा दिया गया। हम ऐसे दोहरे चरित्र वाली कार्रवाई का विरोध करते हैं और सरकार से मांग भी करते हैं कि छोटे-छोटे भू-स्वामी लोग प्लाटिंग करके जीवन-यापन कर रहे हैं, इस पर कार्रवाई न की जाये। उन्होंने इसी संदर्भ में जिलाधीश को एक पत्र लिखा है जिस पर रायपुर जिले में भू-स्वामियों द्वारा उनके निजी जमीनों के खसरों के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंधित लगाया जा रहा है। अवैध प्लाटिंग का रूप देकर फिर उन्हीं खसरों को किस मापदण्ड के आधार पर मुक्त भी किया जा रहा है, इसकी जानकारी मांगी है। उन्होंने कहा, लगातार जानकारी आ रही है कि रायपुर जिले में अवैध प्लाटिंग हो रही है।

न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बिलासपुर (छ.ग.)
नोटिस/समंस
उ.प्र.क्र. 40/2024
आदेश दिनांक 22.06.2024
पेशी दिनांक 12.08.2024
प्रोसेस कमांक 196/24
श्रीमती भूनेश्वरी कौशिक व अन्य
...........आवेदिकागण
विरूद्ध
1. श्रीमान शाखा प्रबंधक महोदय, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा मस्तूरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
2 श्रीमान शाखा प्रबंधक महोदय, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा पलारी गौरवपथ, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
3. आम जनता, जो भी संबंधित हो
.........अनावेदकगण
प्रति, आम जनता जिसका इससे संबंध हो, इस न्यायालय में आवेदिकागण ने अनावेदकगण के विरूद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम वास्ते उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पेश किया है, जिसमें आपकी उपस्थिति हेतु दिनांक 12.08.2024 को न्यायालय में नियत है।
अतः आपको इस समंस / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस प्रकरण की पेशी दिनांक 12.08.2024 को प्रातः 11:00 बजे न्यायालय में स्वयं या अपने प्लीडर/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर इस प्रकरण की कार्यवाही में पूर्णतः जानकारी के साथ उपस्थित होकर दावा, आपत्ति मय जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 12.08.2024 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता हैं तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को ही जावेगी।
अतः आज दिनांक 29.06.24 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
स्थान बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक 29/06/2024
मनीष कुमार दुबे
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
बिलासपुर (छ.ग.)

# सरकार का आदेश, विभागीय जांच एक साल में हो पूरी, सचिव को समीक्षा के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य सरकार ने आदेश जारी किया है कि किसी भी अधिकारी कर्मचारी के खिलाफ अगर विभागीय जांच शुरु की जाती है, तो उसे एक साल में पूरा किया जाना चाहिए। इसके साथ ही ये भी कहा गया है कि विभागीय सचिव समय-समय पर विभागीय जांच प्रकरणों की समीक्षा भी करते रहें। यह आदेश इसलिए जारी किया गया है कि सरकारी विभागों में विभागीय जांच के मामले बरसों-बरस चलते रहते हैं। इसकी वजह से निलंबन की अवधि में शासकीय सेवक को वेतन देना पड़ता है और संबंधित अधिकारी कर्मचारी कोई काम भी नहीं करते हैं। छत्तीसगढ़ सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, विशेष सचिव, के लिए आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि शासन के ध्यान में यह आया है कि विभागीय जांच के मामलों को लेकर पूर्व में जारी आदेश का पालन समुचित रूप से नहीं किया जा रहा है। विभागीय जांच के प्रकरणों को एक वर्ष के अंदर पूरा करना आवश्यक है। लेकिन कई विभागों द्वारा विभागीय जांच एक साल में पूरी नहीं की जा रही है। ऐसे में आरोपी शासकीय सेवक कई वर्षों तक निलंबन में रहते हैं। विभागीय जांच समाप्त होने के बाद उन्हें बहाल किया जाता है। यदि आरोपी विभागीय जांच में निर्दोष साबित होता है तो शासन को उसके निलंबन काल का पूरा वेतन और भत्ता देना पड़ता है।

## सरकार ने सभी विभागों से सालभर से लंबित प्रकरणों का ब्योरा मांगा

### बिना कारण जांच में करते हैं देर

सरकारी आदेश में यह भी कहा गया है कि अनेक विभागों में विभागीय जांच के प्रकरण बिना यथोचित कारणों से अनावश्यक रूप से लंबे समय तक लंबित रहते हैं। इसकी वजह से शासन और शासकीय सेवक दोनों पक्षों को अनावश्यक कठिनाई का सामना करता पड़ता है। इसलिए यदि किसी प्रकरण में निर्धारित समय से अधिक विलंब किसी स्तर पर होता है तो यथोचित कारणों के न पाए जाने पर विलंब के संबंध में उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए संबंधित उत्तरदायी अधिकारियों- कर्मचारियों के विरुद्ध सक्षम अधिकारी द्वार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जानी चाहिए।




### विभागीय सचिवों को समीक्षा के निर्देश

राज्य शासन ने कहा है कि विभागीय जांच के प्रकरणों को समय सीमा में निपटाया जाना चाहिए। इसके साथ ही विभागीय सचिव को समय समय पर ऐसे जांच प्रकरणों की समीक्षा करना चाहिए। आदेश में यह भी याद दिलाया गया है कि विभागीय जांच प्रकरणों में विलंब की स्थिति को समाप्त करने के उद्देश्य से 10 मार्च 1997 में आदेश दिया गया था कि जांचकर्ता अधिकारी एवं प्रस्तुतकर्ता अधिकारियों की संविदा नियुक्ति सेवानिवृत्त अधिकारियों के पैनल से की जाए। राज्य सरकार ने सभी विभागों से कहा है कि वे अपने विभाग में एक साल से अधिक समय से लंबित प्रकरणों की जानकारी सामान्य प्रशासन विभाग को उपलब्ध कराएं।

## समस्या : कहीं छत से टपक रहा पानी तो कहीं टूट रही दीवार

# तीन माह में जर्जर हुआ करोड़ों से बना शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ़ विकासखंड में स्थित शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बेलटिकरी के इस स्कूल की हालत देख आप खुद समझ जाएंगे, इस स्कूल में करोड़ों रुपए के स्वीकृत का किस प्रकार उपयोग किया गया है। बता दे की शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बेलटिकरी का नजारा कुछ ऐसा है की यहा दीवाल टूट रहा है, छत से पानी टपक रहा है और प्रयोग शाला कक्ष में जमीन धशक रहा है। बता दे की इस स्कूल को मात्र 3 से 4 माह पहले प्राचार्य को ठेकेदार और पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा हैंड ओवर किया गया है। लेकिन इस स्कूल की हालत देख आपको यह लगेगा कि यह करीब 5 साल से 10 साल पहले बनाया हुआ स्कूल होगा। यह स्कूल 1 वर्ष पहले ही निर्माण कराया गया है मिली जानकारी के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा इस स्कूल को स्वीकृत किया गया था। और इसकी स्वीकृत राशि एक करोड़ 22 लाख 16 हजार रुपए बताई गई है। लेकिन निर्माण एजेंसी पीडब्ल्यूडी विभाग और ठेकेदार शशांक अग्रवाल के द्वारा इस विद्या के मंदिर का गुणवत्ताहीन निर्माण कराया गया है जिससे इस विद्यालय का छत टपक रहा है और दिवाले फट चुकी है। स्थानीय ग्रामीणों के साथ साथ डोल कुमार जायसवाल अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, शुशील कुमार गुप्ता प्राचार्य, हरिशंकर जायसवाल सरपंच के साथ सभी जनभागीदारी समिति के सदस्यों ने ठेकेदार के ऊपर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। सरपंच हरिशंकर जायसवाल ने कहा कि जब यह भवन का निर्माण किया जा रहा था। तब मैं भी बीच-बीच पर निरीक्षण कर रहा था कई बार मैंने अधिकारियों और ठेकेदार को कहा कि यहां गुणवत्ता से कम करें लेकिन मेरी बात किसी ने नहीं मानी।






### 500 बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़

इस विद्यालय में कक्षा 9 वीं से 12वीं तक करीब 500 बच्चे अध्यनरत है जिनको अपने नए विद्यालय में पढ़ने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अभी तो बरसात की शुरुवात ही हुई है ऐसे में छत से अगर पानी टपक रहा है तो आप समझ सकते हैं आने वाले बरसात के दिनों में यहां बच्चों को पढ़ना कितना सुरक्षित होगा। और बच्चों के पढ़ाई के साथ ही साथ भविष्य में क्या प्रभाव पड़ेगा।

### विधायक ने कहा - सत्र में उठाएंगे बात

इन सभी बच्चों की समस्याओं को बिलाईगढ़ के विधायक कविता प्राण लहरें ने जाना और विभागीय जांच की मांग की तथा ठेकेदार पर कड़ी कार्वाई करने की भी मांग की गई विधायक कविता प्राण लहरें ने कहा कि मैं अपने क्षेत्र में बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं कर सकती अगर कार्वाई नहीं होगी तो आने वाले दिन में विधानसभा सत्र में यह मुद्दा मेरे द्वारा उठाया जाएगा। साथ ही मैं स्कूल का निरीक्षण कर अधिकारियों को कड़ी कार्यवाही करने के बारे में चर्चा भी करूंगी।

### मामले में अधिकारी दे रहे गोल-मोल जवाब

बता दे की इस मामले में लोक निर्माण विभाग के अधिकारी और इंजीनियर गोल मोल जवाब दे रहे है, जिससे यह आशंका भी लगाई गई है कि इस गुणवत्ताहीन निर्माण में विभाग की भी बराबर भूमिका है। इस मामले में हमने इंजीनियर सुनील कुमार पैकरा से जब जानकारी ली तब उनका कहना है गर्मी के दिनों में यहां छत का कार्य हुआ है और दो से तीन हिस्सों में हुआ है इस कारण से समस्या आई होगी। जल्द ही मरम्मत कर दिया जाएगा। वहीं प्रभारी एसडीओ पीडब्ल्यूडी भटगांव बंछोर को इस बारे में तो जानकारी तक नहीं है। अब सवाल यही है कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले ठेकेदार के साथ-साथ अधिकारियों पर क्या कुछ कार्वाई होता है यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

# पुष्पवर्षा कर शाला प्रवेशोत्सव मना




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

मगंलवार को संकुल केंद्र मूरा में सभी स्कूलों के संयुक्त तत्वावधान में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। नवप्रवेशी बच्चों को पुष्पवर्षा, तिलक लगाकर तथा अदानी पावर प्लांट से प्राप्त स्कूल बैग देकर प्रवेश दिया गया। अदानी पावर प्लांट रायखेड़ा के द्वारा सभी विद्यालयों को स्मार्ट टीवी, फर्नीचर,स्कूल बैग, खेल सामग्री देने के लिए संकुल केंद्र की ओर से आभार स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम संचालन संकुल समन्वयक राजकुमार श्रेय द्वारा, आभार प्रकट प्रभारी प्राचार्य व्यास नारायण आर्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सरपंच नूतन ध्रुव, जनपद सदस्य कंचन गायकवाड,उपसरपंच पुष्पा साहू, एसएमडीसी अध्यक्ष केवरा वर्मा, मिडिल स्कूल एसएमसी डॉ जगदीश वर्मा, प्राथमिक एसएमसी अध्यक्ष रामलाल साहू, पंचगण दुर्गेश्वरी वर्मा, कांति वर्मा, जमुना सारथी, कुमारी विश्वकर्मा, अडानी फाउंडेशन की ओर से प्रीति प्रजापति, दीपक सिंह, सृष्टि रविन्द्र, राजकुमार मंडल, प्रभारी प्राचार्य डॉ. व्यास नारायण आर्य, समन्वयक राजकुमार श्रेय, राजकुमार शुक्ला व्याख्याता, गुलाब विश्वकर्मा व्याख्याता व अन्य शिक्षक की उपस्थिति रही।

## शाला प्रवेशोत्सव पर निकाली रैली





**कसडोल।** विकासखंड के ग्राम मोहतरा क संकुल मोहतरा में मंगलवार को शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। सर्व प्रथम बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा गांव में रैली निकाल कर लाउडस्पीकर द्वारा नारा लगाकर गांव के लोगों को अपने बच्चों को जो की 6 वर्ष और अधिक आयु को अनिवार्य रूप शाला में प्रवेश दिलाएं। इस हेतु प्रेरित किया गया। रैली महामाया चौक से गुरुघासीदास भवन के मार्ग से शाला भवन पहुंची। शालाभवन में रैली उपरांत सभा में मुख्यतिथि के रूप में ग्राम पंचायत के सरपंच रामफल कैवर्त्य, विशिष्ट अतिथि फ़रित राम कैवर्त्य, बृजलाल यादव, दिनेश पैकरा, वेदराम अध्यक्षता, सुश्री रश्मि लकड़ा प्रभारी प्रधान पाठक ने किया। कार्यक्रम में बच्चों को तिलक लगाकर, पुस्तक वितरण कर बच्चों का विद्यालय में स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि श्री राम फल कैवर्त्य ने बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण एवं संस्कार के साथ शिक्षा ग्रहण करने एवं पालकों को निरंतर अपने बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करने की बात कही। कार्यक्रम में सुनीता चेलक, कामिनीकिरण साहू सहायक शिक्षक ,गजेन्द्र श्रीवास सफाई कर्मी, रसोइय बद्रिका कर्ष, सोनई बाई एवं तिजमत ध्रुव का विशेष सहयोग रहा।




# भाजयुमो मंडल ने राहुल के बयान का किया विरोध, जलाया पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष नागेश्वर साहू के नेतृत्व में युवाओं ने संसद सत्र के दौरान राहुल गांधी द्वारा हिन्दुओं को हिंसा करने, झूठ बोलने, नफरत फैलाने के कथित बयान के विरोध में राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। इस दौरान युवा मोर्चा की पुलिस आरक्षकों के साथ झुमाझटकी हुई। तत्पश्चात नागेश्वर साहू भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष साहू सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के एक सांसद द्वारा इस तरह की बयान शोभा नहीं देती, उसे इस पर माफी मांगनी चाहिए।उक्त कार्यक्रम में मण्डल मण्डल अध्यक्ष नागेश्वर साहू, पुनेश्वर नाथ मिश्रा अधिवक्ता एवं आरएसएस नगर प्रमुख,भाजयुमो मण्डल उपाध्यक्ष रेशम वर्मा व तेजनाथ पटेल, सोसल मीडिया प्रभारी सुंदर साहू, कमल श्रीवास, राजेंद्र साहू, धर्मेंद्र पैकरा सरपंच बोरसी,भजन यादव, रामा धीवर, लालू साहू, शिव साहू, देवेंद्र यादव, दिलहरण साहू, नंदू धीवर, चंदन वर्मा, अजय श्रीवास, ओमप्रकाश यादव, संजय साहू, राजा पाठक, प्रदीप पाठक, रवि सेन, गौरी शंकर सेन, हरि किशन यादव, सूर्य धीवर दिगेश्वर, खिलेश वैष्णव, संजीव साहू,सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।





# बच्चे लगन एवं इमानदारी के साथ पढ़ाई करें



हरभूमि न्यूज ▶▶| कटगी

विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम कटगी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटगी में शाला प्रवेश उत्सव मुख्य अतिथि शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष संतोष थवाईत, पूर्व सदस्य चंद्रमौली शर्मा, प्राचार्य पीके पुरैना के उपस्थिति में मनाया गया। इस दौरान अतिथियों ने छात्रों को पाठ्य पुस्तक वितरण किया। पूर्व शाला समिति अध्यक्ष संतोष थवाईत ने कहा कि जिस उत्साह और उमंग के साथ समारोह पूर्वक शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है उसी उत्साह और उमंग के साथ पूरे वर्ष भर सभी बच्चे लगन एवं ईमानदारी के साथ पढ़ाई करे। वहीं शिक्षक भी कर्तव्यनिष्ठ होकर बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें। कार्यक्रम को प्राचार्य पीके पुरैना द्वारा भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बच्चों को शुभकामनाएं दी एवं अतिथियों का आभार प्रकट किया।

# वार्डों का परिसीमन कराने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

आगामी नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए वार्डों के परिसीमन कराने भाजपाइयों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि विगत 4-5 वर्षों से बेतरतीब शहरी विकास आबादी का भारी मात्रा में नगर के एक छोर पर आवास निर्माण एवं कोरोना महामारी के छोटे व्यापारियों के पलायन के कारण वार्डों में आबादी का अनुपात एवं संरचना में भारी बदलाव आया है। नगर में नेशनल हाईवे होने के कारण क्षेत्र में अधिक मात्र में मकान निर्माण कर शहरवासी रहने लगे हैं। साथ ही सिमगा में बाहर से आकर बहुत ज्यादा ढ़ाबा संचालन करने वाले लोग विगत 4-5 सालों से रहने लगे हैं। इसलिए नगर पंचायत में राज्य सरकार के निर्देशानुसार परिसीमन कराया जाए, जिससे नगर पंचायत में रहने वाले लोगों को प्रतिनिधित्व एवं संवैधानिक अधिकारों का लाभ मिल सके। ऐसा न होने की स्थिति में हम न्यायालय की शरण में जाने मजबूर होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में धीरज जैन, रमेश सोनी, अभिजीत अवस्थी, सचिन जैन, सूर्यकांत ताम्रकार, नारायण निषाद, नीरज शर्मा आदि शामिल हैं।



## पेज 11 के शेष

### राजस्व शिविर में ...

5, आय, जाति, निवास-1198 एवं अन्य-24 आवेदन शामिल हैं। इसके साथ ही 39 किसानों को मौके पर किसान किताब भी प्रदान किया गया। उक्त शिविर में राजस्व अधिकारी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित पटवारी, कोटवार, सरपंच सचिव भी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जिले से संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोण्डे एवं डिप्टी कलेक्टर अरूण सोनकर द्वारा नयापारा में आयोजित शिविर का आकस्मिक निरीक्षण भी किया गया। गौरतलब है कि कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत जिले के 88 ग्राम पंचायतों में 1 से 15 जुलाई तक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### सांसद राहुल के ...

हिन्दू आक्रोश रैली कर पुतला दहन करेंगे। जय जय श्रीराम एकत्रीकरण 4 जुलाई गुरुवार को दोपहर 2 बजे श्री महावीर देव मंदिर, बजरंग चौक, बलौदाबाजार से दुपहिया वाहनों या पैदल रैली स्वरूप ज्ञापन, प्रदर्शन एवं दहन स्थल गार्डन चौक बलौदाबाजार सभी सनातनी धर्म रक्षक हिन्दू सहयोग शक्ति को आक्रोश रैली में शामिल होने की अपील की गई।



## खबर संक्षेप

### कौशल प्रशिक्षण के लिए शिविर 4 को

**धमतरी।** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में बारहवीं पास पुरूष युवाओं का सिक्योरिटी सुपरवाईजर और पांचवीं पास युवाओं के लिए प्लंबर जनरल का निःशुल्क प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। सहायक परियोजना अधिकारी जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि इस प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए युवाओं को शैक्षणिक दस्तावेज, आधारकार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति और एक पासपोर्ट साईज की फोटो लाना अनिवार्य है। इस प्रशिक्षण में मगरलोड विकासखण्ड के युवाओं को शामिल करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत भवन सिंगपुर में 4 जुलाई को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। सहायक परियोजना अधिकारी ने संबंधित सरपंच-सचिव को इस शिविर में अधिक से अधिक युवाओं को शामिल कराने के लिए पंचायत क्षेत्र और गांवों में मुनादी कराने कहा है, ताकि अधिकाधिक युवा प्रशिक्षण से लाभान्वित हो सके।

### कलेक्टर ने आर्थिक सहायता स्वीकृत की

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी ने प्राकृतिक आपदा से जिले के तीन मृतक के परिजनों को आरबीसी 6-4 के तहत 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। बेलरगांव तहसील के ग्राम घुटकेल निवासी बुद्धुराम मरकाम की पानी में डूबने से मृत्यु होने के फलस्वरूप उनकी पत्नी श्रीमती बसंता बाई मरकाम को आरबीसी 6-4 के तहत आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी तरह रामपुर वार्ड धमतरी के मनोहर साहू की मृत्यु नहर नाली में डूबने की वजह से हो गई। मद्देनजर उनकी पत्नी श्रीमती मालिती साहू को 4 लाख रूपये तथा मगरलोड के ग्राम लुगे निवासी उमेश कुमार की जलने से मृत्यु होने पर उनके पिता किरीत राम को 6-4 के तहत 4 लाख रूपये स्वीकृत किया गया है।

# महाविद्यालय में प्रवेश की प्रथम सूची जारी, विद्यार्थियों की लंबी कतारें लगी

**रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पोर्टल शुरू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

पं. रविशंकर शक्ल विश्वविद्यालय से संबंद्ध कालेजों में प्रवेश की प्रथम सूची जारी हुई। वहीं विश्वविद्यालय प्रबंधन ने आन लाइन प्रवेश के लिए पोर्टल भी शुरू कर दिया है। जारी समय सारिणी के अनुसार ऑनलाइन आवेदन प्रारंभिक तिथि 17 जून 25 जुलाई तक रखी गई है।महाविद्यालयों को सूची प्रदान करने की तिथि 25 जून है। महाविद्यालयों द्वारा विषयवार मेरिट सूची जारी करने की तिथि 26 जून, प्रवेश लेने की तिथि 26 जून से 8 जुलाई तक है।

प्रवेश प्रारंभ होते ही महाविद्यालय में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यार्थियों की लंबी कतारें देखने को मिली। विदित हो की गजानंद शासकीय महाविद्यालय विधानसभा क्षेत्र का सबसे बड़ा महाविद्यालय है। फलस्वरूप हजारों छात्र हर वर्ष प्रवेश लेते हैं।

क्षेत्र का एकमात्र सामान्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय होने की बावजूद कॉलेज में सीट संख्या बहुत कम हैं, जिसमे वृद्धि करना अति आवश्यक हैं। वर्तमान सत्र में महाविद्यालय द्वारा 750 रुपए जनभागीदारी शुल्क लिया जा रहा हैं, जिसे कम करने की मांग लंबे समय से की जा रही हैं, परंतु प्रशासन महाविद्यालय में विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने का हवाला देकर इस मांग से पल्ला झाड़ लेता हैं।



**द्वितीय चरण में प्रवेश 8 जुलाई से**

इसी तरह द्वितीय चरण में प्रवेश हेतु तिथि 8 जुलाई निर्धारित है। महाविद्यालयों द्वारा विषयवार मेरिट सूची जारी करने की तिथि 9 जुलाई, कॉलेज में प्रवेश लेने की तिथि 9 जुलाई से 18 जुलाई निर्धारित की गई है। इसी तरह तृतीय चरण में प्रवेश हेतु तिथि 18 जुलाई तक है। विषयवार मेरिट सूची जारी करने की तिथि 19 जुलाई, कॉलेज में प्रवेश लेने की तिथि 19 जुलाई से 31 जुलाई है। इसी तरह भाटापारा नगर के गजानंद शासकीय महाविद्यालय में भी नए सत्र की शुरुवात हो चुकी है तथा प्रवेश भी पूरे जोर शोर से आरंभ हो चुका हैं।

## बदहाली : शहर का बाजार अतिक्रमण की समस्या से जूझ रहा

# बारिश से नगर में कई स्थानों पर भरा पानी

**सदर बाजार, अनाज मंडी और बस स्टैंड–कॉलेज रोड है इसका उदाहरण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

इसे किसी भी इंसान के सिर में दर्द देने वाली सबसे उत्तम तिकड़ी कहे तो गलत नहीं होगा। बाजार जाना नागरिक की आवश्यकता, बारिश एक प्राकृतिक घटना और बद इंतजामी, लापरवाह व्यापारियों एवं प्रशासन की मजबूरी।

प्रदेश के हर शहर की तरह भाटापारा नगर की भी इससे अछूता नहीं हैं। पहली बारिश होते नगर के विभिन्न स्थानों पर जलभराव अब एक आम बात हो चुकी हैं, जिसमें प्रशासन की बद इंतजामी एवं व्यापारियों की लापरवाही चार चांद लगाती हैं।

नगर के मुख्य बाज़ार, सदर बाजार के रोड चौड़ीकरण की महत्त्वपूर्ण मांग बस नगरवासियों की अपूर्ण इच्छा बनकर रह गई हैं। रायपुर–बिलासपुर के बीच व्यापार का सबसे बड़ा केन्द्र होने के बावजूद नगर का विकास अपेक्षाकृत बहुत कम हैं, जिसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण हैं। यहां का सदर बाजार, अनाज मंडी का रोड एवं बस स्टैंड–कॉलेज रोड।

मुख्य मार्गों के चौड़ीकरण का प्रस्ताव महज प्रस्ताव ही बनकर रह गया है, जिस पर अमल कब होगा इसकी कोई गारंटी नहीं है। नगर अवैध कब्जा एवं पार्किंग समस्या के बोझ तले दबा हुआ है। पूरा सदर बाजार व्यापारियों द्वारा किए गए अवैध कब्जे से जन्मी पार्किंग की समस्या ने आज एक विकराल स्वरूप धारण कर लिया हैं। नगर के आस पास के किसी गांवों में चरागाहों की उपलब्धता नहीं होने के चलते किसान मवेशी छोड़ने मजबूर होते हैं। आवारा मवेशियों की समस्या में कारणों की एक लंबी फेहरिस्त हैं, जिसका अंत अब नामुमकिन सा लगने लगा है।



**जगह-जगह होता जलभराव**

रामसप्तः तालाब के से लगी मंडी रोड, बाबूलाल टॉकीज अंडर ब्रिज नगर के कुछ वाटर लॉगिंग हॉटस्पॉट हैं अव्यवस्था की भेंट चढ़ते नगर के मुख्य चौराहे– मंडी रोड बस स्टैंड रोड में क्षमता से अधिक भारी वाहनों का आवागमन के फलस्वरूप अनियंत्रित ट्रैफिक से हमेशा बनी रहती हैं दुर्घटनाओं की आशंका। विदित हो कि कुछ महीने पहले बस स्टैंड के पास एक अनियंत्रित हाईवा की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हुई थी।

# धमनी में मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

ग्राम पंचायत धमनी में एमटी मीना कुमारी चौहान के नेतृत्व और मितानिन लछनी बाई यादव, संतोषी यदु, अकती पटेल की उपस्थिति में मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मितानिन एमटी ने बरसात में सांप बिच्छु से सतर्क रहने एवं जहरिले कीड़े मकोड़ो से बचने के लिए मच्छरदानी का उपयोग करने, पानी को गर्म कर पीने पानी वाले गड्ढे जो घर के आसपास हैं, उसमें जले ऑयल डालने के साथ-साथ विशेष कर गर्भवती महिलाओं को मलेरिया मच्छरों से बचने दस्त होने पर ओआरएस घोल बनाने की विधि और उपयोग करने की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए रैली निकाली गई। बांधा पारा के 20 परिवार के लिए हैण्डपम्प हेतू प्रस्ताव किया गया। इस अवसर पर संतवंतिन बाई निषाद, मैकुल निषाद, संतोषी, खीर बाई, अनीता पटेल, बोधनी, दशमत, ललिता, पुनीबाई पटेल सहित महिलाएं उपस्थित रहीं। एमटी मीनाकुमारी चौहान द्वारा स्वास्थ्य संबधित जानकारी दी गई। इस अवसर पर वन प्रबंधन समिति धमनी के अध्यक्ष रामनारायण यादव द्वारा पौधारोपण का महत्व बताया गया।

# कॉलेज की भूमि का हो सीमांकन और अवैध कब्जा से मुक्त कराए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- कॉलेज के पूर्व छात्रों ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को सौंपा आवेदन

नगर में शासकीय डीके महाविद्यालय की जमीन को अतिक्रमणकारियों के कब्जे से मुक्त कराने की मांग करते हुए महाविद्यालय के पूर्व छात्रों द्वारा विधायक राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को आवेदन सौंपा गया। इसमें बताया गया है कि नगर में शासकीय डीके महाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए प्लांट नंबर 09, 13, 5/7, 5/8, 5/9 कुल रकबा 25 एकड़ महाविद्यालय के नाम पर आबंटित किया गया था, जो कि राजस्व अभिलेख में महाविद्यालय के नाम पर दर्ज है। लेकिन गत कुछ वर्षों के दौरान महाविद्यालय भवन से लगे खेल मैदान वाली भूमि पर बेजा कब्जा कर अतिक्रमण कर ली गई है। अतः महाविद्यालय के भूमि का सीमांकन कर बेजा कब्जा मुक्त कराया जावें। इस संबंध मे आवेदनकर्ताओं पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष पवन कश्यप, पूर्व उपाध्यक्ष बिशाली राम वर्मा, महेन्द्र कुमार वर्मा आदि द्वारा आवेदन पत्र में यह भी बताया है कि महाविद्यालय के स्थापना के समय दाऊ कल्याण सिंह द्वारा ग्राम छड़िया वि.ख. पलारी, ग्राम धुर्राबांधा वि.ख. भाटापारा, ग्राम करमदा वि.ख. बलौदाबाजार में स्थित करीब 26 एकड़ भूमि दान के रुप में महाविद्यालय को दी गई थी, जो पूर्व में भू–अभिलेख में महाविद्यालय के नाम पर दर्ज थी। लेकिन वर्तमान समय में उक्त भूमि के बारे में महाविद्यालय में सेवारत कर्मचारियों को पूर्ण जानकारी नहीं है। अतः गत कई वर्षो से उक्त भूमि पर काबिज लोगों से महाविद्यालय की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु राजस्व अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग की गई है।

# अब नये कानून के तहत दर्ज होगा अपराध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

- थाना प्रभारी बंजारा ने दी नए कानून की जानकारी

केंद्र सरकार द्वारा अपराधिक कानून में महत्वपूर्ण बदलाव कर इसे 1 जुलाई को जनहित में जारी किया गया है। देश में लागू नया कानून की जानकारी देने के लिए लवन थाना में कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें थाना क्षेत्र के उपस्थित जनप्रतिनिधि सरपंच पंच कोटवार पत्रकार एवं आम जनता को थाना प्रभारी केसर पराग बंजारा द्वारा आपराधिक कानून की जानकारी दी गई। थाना परिसर में नए कानून के संबंध में जानकारी हेतु अयोजित कार्यशाला का शुभारंभ सर्वप्रथम राष्ट्रगान गाकर किया गया। थाना प्रभारी केसर पराग बंजारा ने बताया कि भारतीय दंड संहिता अब भारतीय न्याय संहिता के नाम से जाना जाएगा आईपीसी शब्द के स्थान पर बीएसए के नाम से उपयोग किया जाएगा। मारपीट जैसे मामले में 294, 323, 324, 506, 34 के स्थान पर 294,115,(1) 351(2), 3(5) धारा लिखी जाएगी। इसी प्रकार एक्सीडेंट होने पर 279,337, 398, 304, 304 के स्थान पर 281, 125 (2)125(3)106, 105 धारा लगेगी। हत्या या हत्या के प्रयास मामले में 302, 307, 201, 120 बी की जगह 103, 109, 238, 61(2) की धारा उपयोग किया जाएगा। छल या धोखा देने जैसे मामले में 420, 419, 467, 468, 471, की जगह 318(4), 319, 338, 336(3)340 का उपयोग किया जाएगा। थाना प्रभारी केसर पराग बंजारा ने उपस्थित जनप्रतिनिधियो से कहा कि यहां से जो जानकारी मिली है उसे अपने गांव और पारा में जाकर सभी को इन तीनों नियमों के बारे में जानकारी देकर प्रोत्साहित करना है। कानून या नियम की जानकारी प्रत्येक नागरिक को होना चाहिए इसलिए इस नए कानून की जानकारी अंतिम से अंतिम गांव तक पहुंचने की बात की गई।

इस अवसर पर नायब तहसीलदार निशा वर्मा नगर पंचायत अध्यक्ष मीना बार्वे उपाध्यक्ष रामकुमार साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय यादव, प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रजक, पत्रकार सहित डोंगरीडीह सरपंच पंकज घृतलहरे, मुंडा के पूर्व सरपंच कृतराम वर्मा, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक तिलक वर्मा, प्रधान आरक्षक धनंजय यादव, विनोद बांधे सहित पुलिस स्टाफ एवं कोटवार प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

**बिलाईगढ़ पुलिस ने नए कानून का वेलकम किया**

**बिलाईगढ़।** भारत सरकार द्वारा तीन नवीन आपराधिक कानूनों को 1 जुलाई से प्रभावशील किए जाने के संबंध में, नए कानून के क्रियान्वायन के लिए जागरूक किया गया, जिसमें भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम को कानूनों में प्रभावी हेतु आसपास के जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्तियों तथा सरपंच, कोटवार, प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के साथी, शिक्षक एवं स्कूली बच्चों को नए कानून के संबंध में थाना प्रभारी शिव कुमार धारी द्वारा महिला एवं बच्चों, बुजुर्गों से संबंधित अपराधों को विस्तार से बताया गया। एफआईआर जिरो एफआईआर नया सजा सामुदायिक दंड महिला सुरक्षा, संगठित अपराध चेन स्नेचिंग, मोब लॉन्चिंग धोखा देकर शादी करना,तथा नए कानून के संबंध में गांव में प्रचार प्रसार करने की भी समझाइए दी गई तथा क्षेत्र के लोगों को अवैध गतिविधियों, कोई भी अपराध घटित होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने के संबंध में अपील की गई।



# नये कानून पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

थाना परिसर सिमगा में सोमवार को पीड़ित केंद्रित दृष्टिकोण एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नगर के गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि एवं पत्रकार उपस्थित हुए। एएसआई मार्कंडेय ने नए कानून के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया गया कि नए कानूनों का उद्देश्य आधुनिक न्याय व्यवस्था को लागू करना है। भारतीय दंड संहिता में पूर्व में कुल 511 धाराएं थी, लेकिन भारतीय न्याय संहिता में 358 धाराएं सम्मिलित की गई है। आपराधिक कानून में बदलाव के साथ ही इसमें शामिल धाराओं का क्रम भी बदला गया है। एएसआई ने बताया कि नए कानून भारतीय न्याय संहिता के तहत सिमगा थाना क्षेत्र के ग्राम बछेरा में बाप बेटा द्वारा सौतेला बेटा पर तलवार से प्राणघातक हमला करने पर विभिन्न धाराओं के तहत बलौदाबाजार जिले के प्रथम अपराध दर्ज किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छोटू यादव ने कहा कि नया कानून भारतीय समाज को एक न्यायपूर्ण, समान और सुरक्षित समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उक्त कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष भागवत सोनकर पार्षद सूर्यकांत ताम्रकार, अब्दुल खान, बहोरन ताम्रकार, अमृत पंजवानी अय्युब खान सहित जनप्रतिनिधि एवं नागरिक मौजूद रहे।

## अल्ट्राटेक हिरमी संयंत्र एवं शासकीय कृषि विभाग की संयुक्त पहल

# 75 किसानों को अरहर बीज का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी–रावन




शासकीय कृषि विभाग, बलौदा बाजार एवं अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र, हिरमी के कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के संयुक्त तत्वावधान से निकटस्थ ग्रामों के 75 कृषकों को अरहर बीज का वितरण किया गया।

इस अवसर पर कृषि विभाग से कृषि अधिकार सुचिन वर्मा, विभिन्न ग्रामों से आए हुए कृषक एवं ग्रामीण विकास से वैभव त्रिपाठी, आशुतोष खरे तथा सुरक्षा विभाग बिसन दास सोनवानी, रवि सिंह उपस्थित थे। इस बीज वितरण कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य धान की मुख्य फसल के अलावा खेत की मेड़ पर अरहर का रोपण कर अतिरिक्त फसल लाभ प्राप्त करना है, जिससे कृषकों की आय अर्जन की क्षमता में वृद्धि एवं उत्पादकता में वृद्धि हो। इस अवसर कृषि विभाग से आए सुचीन वर्मा ने कृषकों को बीज लगाने की पद्धति तथा उत्पादकता को बढ़ाने हेतु नवीन कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी प्रदान की गई तथा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने सलाह दी गई।

बिसन दास सोनवानी ने इस पहल को कृषकों के लिये उपयोगी बताते हुए इसका लाभ लेने की बात कही। ग्रामीण विकास के वैभव त्रिपाठी ने कृषकों को अरहर लगाने तथा उत्पादन की दर साझा करने की कहा जिससे अन्य कृषक भी धान के साथ अन्य फसल लेने के लिए प्रेरित हो। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामीण विकास से प्रीतम पटेल, रामा साहू, मनोज वर्मा, उमाशंकर धीवर, हेमलाल साहू, सविता वर्मा, तारिणी राजपूत का विशेष योगदान रहा।

**सेनेटरी पैड का वितरण एवं पौधरोपण आज।** धमतरी। महावीर इंटरनेशनल की स्वर्ण जयंती पर संस्था द्वारा 3 जुलाई बुधवार को प्रातः 1 बजे गोकुलपुर स्थित स्वामी आत्मानन्द विद्यालय में झिझक छोड़ो आत्मविश्वास रखो कार्यक्रम अंतर्गत सेनेटरी पैड का वितरण छात्राओं को किया जायेगा। इसी दिन दोपहर 2 बजे पौधरोपण किया जाएगा।

पाठक सूचना
हरिभूमि समाचार पत्र के सुधि पाठको को सूचित किया जाता है कि भाटापारा के आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि अखबार में खबरों एवं विज्ञापन प्राप्त करने के लिये निम्न पते पर संपर्क करें
हरिभूमि अभिकर्ता - अभिषेक मिश्रा
श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, शीतला मंदिर के पास भाटापारा
मो. 626446 3895, 90900 90107

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371